भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1019
24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

जापानी इंसेफेलाइटिस का प्रसार

†1019. डॉ. शशि थरुरः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में पूरे देश में जापानी इंसेफेलाइटिस के प्रसार का कोई आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य वार/ज़िले वार ब्यौरा क्या है, साथ ही अधिक जोखिम वाले राज्य और ज़िले कौन से हैं;
(ख) क्या सरकार ने केरल के मलप्पुरम ज़िले में हाल ही में चलाए गए अभियान सहित व्यापक स्तर पर चलाए गए जापानी इंसेफेलाइटिस टीकाकरण अभियानों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं;
(ग) क्या सरकार जापानी इंसेफेलाइटिस के मामलों, मृत्यु दर और टीकाकरण कवरेज संबंधी आंकड़े रखती है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य वार/संघ राज्यक्षेत्र वार और ज़िले वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में निगरानी, शुरुआती पहचान और टीकाकरण कवरेज में कमियों की पहचान की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा जापानी इंसेफेलाइटिस के प्रकोप को रोकने के लिए निगरानी को सुदृढ़ करने, टीकाकरण कवरेज का विस्तार करने और तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं या उठाये जाने विचार है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है तथा स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। तथापि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनके समग्र संसाधन सीमा के अंतर्गत प्रस्तुत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के आधार पर, केरल सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) सहित वेक्टर जनित रोगों के नियंत्रण संबंधी कार्यकलापों के लिए समेकित रूप से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान करती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय तथा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीवीबीडीसी), नियमित रूप से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत नियमित समीक्षाओं,

रिपोर्टों तथा क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से केरल के मलप्पुरम जिले सहित देश में जापानी इंसेफेलाइटिस की स्थिति की नियमित निगरानी कर रहे हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीवीबीडीसी) जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) के मामलों निगरानी संबंधी आंकड़ें रखता है। वर्तमान में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) देश के 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 357 जिलों में स्थानिक है। संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार रोग की घटनाओं, मृत्यु-दर तथा टीकाकरण कवरेज का विवरण **अनुलग्नक-1** में संलग्न है।

केरल सहित देश में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए निम्नलिखित उपाय एवं पहल की गई हैं—

- रोग प्रबंधन, जिसके अंतर्गत रोग की शीघ्र पहचान, रेफरल सेवाओं का सुदृढ़ीकरण, महामारी की पूर्व तैयारी तथा त्वरित अनुक्रिया शामिल है।
- वेक्टर नियंत्रण के अंतर्गत चयनित उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में फॉगिंग, सुक्ष्म पर्यावरणीय इंजीनियरिंग तथा प्रजनन स्रोतों में कमी लाने के उपाय किए जाते हैं।
- अंतर-क्षेत्रीय अभिसरण, जिसके अंतर्गत संबद्ध मंत्रालयों के साथ उच्च-स्तरीय समन्वय, क्षमता निर्माण के माध्यम से मानव संसाधन विकास तथा नीति निर्माण को प्रोत्साहित किया गया है।
- सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) तथा व्यवहार परिवर्तन संचार के उद्देश्य से सहायक हस्तक्षेप तथा सोशल मीडिया, रेडियो, समाचार-पत्र एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों के जरिए जनस्वास्थ्य संबंधी संदेशों का व्यापक प्रसार किया जा रहा है।
- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल–वेक्टर जनित रोग (आईएचआईपी-वीबीडी) पर जापानी इंसेफेलाइटिस सहित वेक्टर जनित रोगों से संबंधित निगरानी आंकड़े वास्तविक समय (रियल टाइम) में दर्ज करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।
- मामलों के प्रबंधन, रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी दिशानिर्देश उपलब्ध कराए गए हैं।
- जापानी इंसेफेलाइटिस की निगरानी एवं निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए देशभर में 178 सेंटिनल सर्विलांस अस्पताल (एसएसएच) तथा 15 शीर्ष रेफरल प्रयोगशालाओं (एआरएल) का नेटवर्क स्थापित किया गया है। भारत सरकार, पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) के माध्यम से सभी चिन्हित प्रयोगशालाओं को आईजीएम परीक्षण किट उपलब्ध कराती है।
- जमीनी स्तर पर सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षकों, सामुदायिक नेताओं तथा अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कराया जा रहा है।
- राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों को रोग प्रकोप की रोकथाम एवं नियंत्रण सहित स्वास्थ्य संवर्धन, निवारक तथा उपचारात्मक उपायों को निरंतर जारी रखने के लिए नियमित पर एडवाइजरी जारी किए जाते हैं।

जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) केरल के मलप्पुरम जिले में स्थानिक क्षेत्र है और केरल सरकार ने सूचित किया है कि मलप्पुरम जिले में जनवरी, 2026 से टीकाकरण अभियान प्रारम्भ कर दिया गया है। मलप्पुरम जिले के विभिन्न ब्लॉकों में टीकाकरण कवरेज का विवरण **अनुलग्नक-2** में संलग्न है।

अनुलग्नक – 1

दिनांक 24.07.2026 को लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1019 के उत्तर में उल्लिखित अनुल्गनक

जेई के राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार मामले, मृत्यु दर और टीकाकरण कवरेज के आंकड़े

क्रम संख्या	स्थानिक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2025		नियमित टीकाकरण के अंतर्गत टीकाकरण कवरेज (%)	
		मामलें	मौतें	जेई-1	जेई-2
1.	असम	423	79	78.9	71.4
2.	मेघालय	70	5	86.2	79.2
3.	छत्तीसगढ़	69	2	105.9	102.4
4.	तमिलनाडु	65	0	91.3	85.5
5.	उत्तर प्रदेश	63	2	96.8	86.9
6.	मध्य प्रदेश	48	0	91.1	77.5
7.	पश्चिम बंगाल	40	7	93.5	87.3
8.	झारखंड	37	0	93.1	86.9
9.	कर्नाटक	31	1	108.6	105.2
10.	बिहार	28	5	99.6	94.3
11।	मणिपुर	21	2	95.0	88.8
12.	त्रिपुरा	20	0	95.7	91.3
13.	नागालैंड	19	3	81.8	70.3
14.	ओडिशा	18	0	97.8	94.3
15.	अरुणाचल प्रदेश	10	2	109.9	101.8
16.	महाराष्ट्र	7	1	87.2	71.4
17.	केरल	3	1	114.1	120.2
18.	आंध्र प्रदेश	2	0	91.4	84.5
19.	पंजाब	1	0	0	0
20.	गोवा	0	0	109.6	104.7
21.	हरियाणा	0	0	101.7	94.1
22.	तेलंगाना	0	0	126.4	116.7
23.	उत्तराखंड	0	0	77.0	71.9
24.	दिल्ली	0	0	0	0
कुल योग		975	110		

अनुलग्नक – 2

दिनांक 24.07.2026 को लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1019 के उत्तर में उल्लिखित अनुल्गनक

मलप्पुरम जिले के अलग-अलग ब्लॉकों में कवरेज

क्रमांक	ब्लॉक	नियमित प्रतिरक्षीकरण के अंतर्गत टीकाकरण कवरेज (%)
1.	चुंगथारा	15
2.	एडप्पल	20
3.	एडवन्ना	9
4.	कलिकावु	9
5.	मनकाडा	8
6.	मारांचेरी	13
7.	मनकेरी	13
8.	मेलत्तूर	12
9.	पल्लीकल	16
10.	पेरूवल्लूर	12
11.	पूक्कोट्टूर	8
12.	थिरुरवली	13
13.	वलवन्नूर	8
14.	वेंगारा	12
15.	वेट्टम	12

*****